**Std: X** **Marks: 80**

**Date: 05/01/19** **Subject: Hindi** **Dur. : 3 Hrs**

SECTION A (40 marks)

Attempt all questions

Question 1

Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics.

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग २५० शब्दों में संक्षिप्त प्रस्ताव लिखिए।** १५

१.दुनिया में अच्छे - बुरे दोनों तरह के लोग होते हैं। एक अच्छा पड़ोसी जहाँ आपका उत्तम मित्र साबित होता है,वहीं बुरा पड़ोसी आपका सुख चैन छीन लेता है। अपने पड़ोसी के स्वभाव की चर्चा कीजिए और बताइए कि उसकी कौन सी बात आप जीवन भर नहीं भूल पाएँगे।

२.प्रेम से सामजिक तथा राष्ट्रीय सम्बन्ध बनते हैं।प्रस्तुत पंक्ति के आधार पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

३.बाढ़ प्रकृति का प्रलयकारी रूप है परन्तु इस प्राकृतिक आपदा का जिम्मेदार मनुष्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से स्वयं ही है। इस कथन को ध्यान में रखते हुए बाढ़ के विनाशकारी दृश्य का वर्णन कीजिए।

४..**मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना**' उक्ति के आधार पर एक मौलिक कहानी लिखिए।

५ नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए।



Question 2

Write a letter in Hindi in approximately 120 words on any one of the topics given below:-

**प्रश्न.२ निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए।** ८

अपने मित्र को एक पत्र लिखिए और उन रोचक घटनाओं का वर्णन कीजिए जो हाल ही में आपके विद्यालय में घटित हुई हैं।

या

आपके मोहल्ले में जल -आपूर्ति नियमित रूप से नहीं हो पा रही है, जल संस्थान के अधिकारी को पत्र लिखकर उन्हें अपनी समस्याओं के विषय में बताते हुए उनसे अनुरोध कीजिए कि वे तत्काल जल–आपूर्ति नियमित कराने की व्यवस्थाकरें।



Scanned by CamScanner

Question 3

Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow using your own words as far as possible.

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए । १०

दुर्भाग्य वश , पुत्र के जन्म से ही कुँवर साहब शारीरिक व्याधियों से ग्रस्त रहने लगे थे |ज्यों -त्यों उन्होंने ढाई वर्ष बिताए |अंत में उनकी शक्तियों ने जवाब दे दिया |उन्हें मालूम हो गया कि अब संसार से नाता छूट जाएगा |अब चिंता ने और आ दबाया - ये सारा माल–असबाब ,इतनी बड़ी संपत्ति किस पर छोड़ जाऊँ | पुत्र ने भी अभी बोलना भी नहीं सीखा है ,इस नन्ही सी जान को किस पर छोड़ के जाऊँ जो इसे अपना पुत्र समझे |मुख्तार आम ,गुमाश्ते ,कारिंदें कितने है,परन्तु सबके सब स्वार्थी और विश्वासघाती |एक भी ऐसा पुरुष नहीं जिस पर मेरा विशवास जमें | मैंने आदमी को नहीं पहचाना |मुझे हीरा मिल गया था ,मैंने उसे ठीकरा समझा | कैसा सच्चा वीर ,दृढ़ -प्रतिज्ञ पुरुष था | यदि वह कहीं मिल जाए तो इस अनाथ बालक के दिन फिर जायेंगे |उसके हृदय में करूणा है ,दया है |वह एक अनाथ बालक पर तरस खायेगा |हाँ क्या उसके दर्शन हो सकेंगे ? मै उस देवता के चरण धो कर माथे पर चढ़ाता ,आँसुओ से उसके चरण धोता |यदि वह हाथ लग जाए ,तो मेरी डूबती हुई नाव पार लग जाए |ठाकुर साहब की तबीयत दिन पर दिन खराब होती गई |अब अंत काल आ पंहुँचा|

उन्हें पंडित दुर्गानाथ की रट लगी हुई थी |बच्चे का मुँह देखते और कलेजे से एक आह निकल आती |बार -बार यही दोहराते कि उस देवता को कहाँ पाऊँ ? जो कोई उस के दर्शन करा दें उसके नाम आधी जायदाद कर दूँ |प्यारे पंडित ! मेरे अपराध क्षमा करो | मैं अंधा था ,अज्ञानी था|अब मेरी बाँह पकड़ो ,मुझे डूबने से बचाओ | इस अनाथ बालक पर तरस खाओ |

हितार्थी और संम्बंधियों का समूह सामने खड़ा था ,कुँवर साहब ने उसकी और खुली आँखों से देखा |सच्चा हितैषी कहीं दिखाई नहीं दे रहा था |सबके चेहरों पर स्वार्थ की झलक थी |उनकी स्त्री फूट-फूट कर रो रही थी | निदान उसे लज्जा त्यागनी पड़ी | वह रोते हुए बोली महाराज मुझे और इस असहाय बालक को किसके सहारे छोड़ कर जाते हैं ?

कुँवर साहब ने धीरे से कहा पंडित दीनानाथ पर |वह जल्द आएँगें ; उनसे कहना मैंने सब कुछ उनकों भेंट कर दिया है |यह मेरी अंतिम वसीयत है |

१.कुँवर साहब अपने अंतिम समय में क्यों चिंतित थे ?

२.देवता व्यक्ति कौन था ? उनमे क्या क्या गुण थे ?

३.सम्बन्धियों के चेहरों पर किस प्रकार के भाव थे ? वे वहाँ किस लिए एकत्रित हुए थे ?

४.कुँवर साहब कितने समय से बीमार चल रहे थे ? उन्हें किसकी प्रतीक्षा थी ?

५. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक दीजिए तथा निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए— सौभाग्य , स्वार्थ

**Question 4.** **Answer the following according to the instructions given.**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए -**

**१.निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइए—** मूर्ति , चक्षु १

**२.निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-** छाया , टेढ़ा १

**३. निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए** - प्रवृत्ति , एकांगी , विकास ,संपद १

**४. निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक की सहायता से वाक्य बनाइए** — यथा राजा तथा प्रजा , ढोल पीटना १

**५. भाववाचक संज्ञा बनाइए—पतित , श्रोता** १

६. आपने आज मेरी जान बचाकर बहुत बड़ा उपकार किया है |(**कृपा शब्द का प्रयोग कीजिए** ) १

७. ईश्वर ने हमसभी को अनोखी शक्तियाँ दीं हैं |(दवारा **शब्द का प्रयोग कीजिए** ) १



Scanned by CamScanner

८. कुछ संसद सदस्यों ने मतदान के समय किसी का पक्ष न लिया | १

( रेखांकित शब्दों के स्थान पर एक शब्दों का प्रयोग कीजिए | )

**SECTION B (40 Marks)**

**Attempt any four questions from this section.**

**Question 5** **Read the extract below and answer the questions that follow**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए |**

**" आज वहाँ रुकेंगे नहीं , पान भी नहीं खाएँगे , मूर्ति की तरफ देखेंगे भी नहीं , सीधे निकल जाएँगे |"**

नेताजी का चश्मा -स्वयं प्रकाश

१. वक्ता कहाँ नहीं रूकना चाहता था ? उसकी मनोदशा का वर्णन कीजिए | २

२. चश्मा लगाने वाले व्यक्ति को क्या कह कर संबोधित किया गया है और क्यों ? २

३. हालदार साहब नें ड्राइवर को क्या निर्देश दिए? क्या उन्होंने स्वयं उन निर्देशों का पालन किया ? समझाकर लिखिए ३

४. वक्ता की आँखें कब भर आई थीं ? क्या चौराहे पर मूर्ति लगाने का क्या उद्देश्य सफल रहा ? स्पष्ट कीजिए | ३

**Question 6** **Read the extract below and answer the questions that follow**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए |**

भेड़ें और भेड़िया –हरी शंकर परसाई

**'बड़े भोले है आप सरकार ! अरे मालिक ,रंग रूप बदल देने से तो सुना है आदमी तक बदल जाते हैं | यह तो सियार है '|**

१. उपर्युक्त कथन कौन किससे और क्यों कह रहा है ? २

२. बूढ़े सियार ने भेड़िये का रूप किस प्रकार बदला ? २

३. यह कैसी कहानी है और इसमें बूढ़े सियार ने भेड़िये को किन बातों का ध्यान रखने के लिए कहा ? ३

४. सियारों को किन- किन रंगों में रंगा गया ? वे किसके प्रतीक थे ? इस कहानी द्वारा लेखक क्या सन्देश देना चाहते हैं ? ३

**Question 7** **Read the extract below and answer the questions that follow**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए |**

**मन के विनोद के लिए तुमने अच्छा साधन जुटाया है तभी कायरों की भाँति यहाँ से बोरिया बंधना लेकर भागने की तैयारी कर ली है |**

संदेह- जयशंकर प्रसाद

१. उपरोक्त कथन का वक्ता कौन है ? उसका परिचय दीजिए ? २

२. वक्ता ने किसके समक्ष अपने उद्गार प्रकट किए है ? श्रोता ने अपने मनोविनोद के लिए क्या साधन जुटाया था ? स्पष्ट कीजिए | २

३. श्रोता जीवन भर कहाँ भटकता रहा और क्यों ? उसकी इस प्रवत्ति को मृग -मरीचिका क्यों कहा गया है ? ३

४. वक्ता द्वारा श्रोता को अंततः क्या आदेश दिया गया और क्यों ? लेखक ने इस कहानी के माध्यम से हमें क्या सन्देश दिया है ? ३



Scanned by CamScanner

Question 8 Read the extract below and answer the questions that follow

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए।**

**तुम मेरी बराबरी करोगे ? हूँ.......बेटीवाले....!**

**बहू की विदा—विनोद रस्तोगी**

१. इन शब्दों में किस व्यक्ति का रोष प्रकट हुआ है ? उसके रोष का क्या कारण है ? २

२. वक्ता का अपनी बहू के प्रति कैसा व्यवहार था ? समझाकर लिखिए। २

३. 'बेटीवाले' शब्द में छुपे कटाक्ष के भाव को स्पष्ट कीजिए तथा इसमे निहित भाव से आप कहाँ तक सहमत हैं ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए। ३

४. इस अवतरण द्वारा जीवनलाल की किस विशेषता पर प्रकाश डाला गया है ? एकांकी में दर्शित समस्या से हम किस प्रकार निपट सकते हैं ? समझाकर लिखिए। ३

Question 9 Read the extract below and answer the questions that follow

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए।**

**जिनकी खाल मोटी होती है, उनके लिए किसी भी बात में अपयश, कलंक या अपमान का कारण नहीं होता।**

**मातृभूमि का मान -हरिकृष्ण प्रेमी**

१. वक्ता के कथन का सन्दर्भ स्पष्ट कीजिए ? २

२. खाल मोटी होने का क्या अर्थ है.? इस का भाव स्पष्ट कीजिए ? २

३. वक्ता किसे उपहासजनक बात मानता है और क्यों ? ३

४. किसी भी देशभक्त की सच्ची पहचान क्या होती है ? एकांकी के आधार पर वीर सिंह की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए ? ३

Question 10 Read the extract below and answer the questions that follow

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए।**

**तुम्हें शिकायत थी कि कोई तुम्हारा आदर नहीं करता, अब सब तुम्हारा आदर करते हैं।**

**सूखी डाली -उपेन्द्रनाथ `अश्क '**

1. वक्ता और श्रोता कौन- कौन हैं ? दोनों की पारिवारिक पृष्ठभूमि में क्या अंतर था ? २

२. श्रोता की मनःस्थिति का वर्णन करते हुए बताइए कि उसकी क्या शिकायत थी ? २

३. वक्ता का यह कथन किस संदर्भ में व्यक्त हुआ है ? श्रोता की इस कथन पर क्या प्रतिक्रिया होती है ? ३

४. परिवार में स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए किन बातों की आवश्यकता होती है ? एकांकी के आधार पर उत्तर लिखिए तथा एकांकी के शीर्षक का औचित्य स्पष्ट कीजिए ? ३

राकेश।



Scanned by CamScanner